# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हस्तशिल्प शो शुरू

## 9 मार्च तक चार स्थानों पर प्रदर्शनी, महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत तक विशेष छूट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा भोपाल में विशेष हस्तशिल्प शो का आयोजन किया गया है।

यह आयोजन शुक्रवार से शुरू होकर 9 मार्च तक शहर के चार प्रमुख स्थानों मृगनयनी जीटीबी कॉम्प्लेक्स, गौहर महल, बिट्टन मार्केट और जवाहर चौक स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में जारी रहेगा। इस शो में प्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा और कारीगरों की कला को प्रदर्शित किया गया है।

आयोजन की खास बात यह है कि महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तीनों एम्पोरियम में हस्तशिल्प उत्पादों पर 35 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। शो के पहले दिन बड़ी संख्या में



महिलाएं खरीदारी के लिए पहुंचीं और प्रदेश के प्रमुख हस्तशिल्प उत्पादों को देखा व सराहा। प्रदर्शनी में हेरिटेज कलेक्शन के अंतर्गत चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट के साथ विभिन्न डिजाइनर परिधानों का आकर्षक संग्रह प्रस्तुत किया गया है। चंदेरी साड़ियों की महीन कारीगरी, बारीक जरी और मखमली ब्लॉक प्रिंट का संयोजन दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। वहीं महेश्वरी साड़ियों की पारंपरिक बुनाई और रंगों का अनोखा मेल भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इसके अलावा बाग और कुक्षी के ब्लॉक प्रिंट में प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक डिजाइनों की झलक देखने को मिल रही है।

शोरूम प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि इस शो का उद्देश्य प्रदेश के हस्तशिल्प को बढ़ावा देना और स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रदर्शनी में सिल्क, कॉटन और मिश्रित धागों से बनी साड़ियां, सूट और पारंपरिक परिधान विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

## ट्रेनों में अवैध सामग्री की रोकथाम के लिए संयुक्त अभियान

**नप्र, भोपालः** मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के निर्देशन में स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग की रोकथाम, खानपान सामग्री की गुणवत्ता जाँच और ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, लिनेन स्टाफ, पेंट्री/कैटरिंग स्टाफ तथा वेंडरों द्वारा अवैध रूप से शराब, गुटखा, सिगरेट आदि उपलब्ध कराने की संभावित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से भोपाल मंडल में दिनांक 02 मार्च 2026 से आगामी 15 दिनों तक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में वाणिज्य विभाग, मेकैनिकल विभाग तथा रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न ट्रेनों में जांच की जा रही है। अभियान के अंतर्गत ट्रेनों में कार्यरत ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, लिनेन स्टाफ, पेंट्री/कैटरिंग स्टाफ तथा वेंडरों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

## एम्स में रामकृष्ण-विवेकानंद-वेदांत साहित्य प्रदर्शनी आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** एम्स के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम केंद्रीय पुस्तकालय में रामकृष्ण–विवेकानंद–वेदांत साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी एवं बिक्री का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा रामकृष्ण मठ के सहयोग से किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों, आम नागरिकों और पाठकों को भारतीय आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना और उनमें अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाना था।

प्रदर्शनी में रामकृष्ण, स्वामी विवेकानंद तथा वेदांत दर्शन से संबंधित कई प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों का प्रदर्शन और विक्रय किया गया। इन पुस्तकों के माध्यम से आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों और भारतीय दर्शन की समृद्ध परंपरा को सरल और व्यावहारिक रूप में समझने का अवसर मिला।

यह पहल विशेष रूप से युवाओं और उन पाठकों के लिए उपयोगी रही जो जीवन में सकारात्मक सोच और मार्गदर्शन की तलाश में रहते हैं। कार्यक्रम का आयोजन एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. माधवानंद कर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रो. रजनीश जोशी, प्रो. गरिमा गोयल , पुस्तकालय समिति के सदस्य, विभिन्न संकाय सदस्य, शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे।

# नयन परसाई का एनएसएस नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में चयन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर के एनएसएस के छात्र नयन परसाई का चयन मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चित्रकूट जिला सतना में राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में हुआ है। चयनित होने पर परिसर परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई ।

परिसर निदेशक प्रो.हंसधर झा ने शुभकानाएं देते हुए कहा कि यह परिसर के लिए बड़ी उपलब्धि है एवं छात्रों को इस प्रकार की गतिविधियों में सहभागिता करना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राकेश कुमार वर्मा ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे एनएसएस इकाई के लिए एक उपलब्धि है एवं इस तरह के शिविर में सहभागिता करने के बाद छात्र अपनी इकाई के लिए नेतृत्व करते है। इस शिविर में नयन परसाई द्वारा चित्रकूट जिला सतना में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दल के सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश के लगभग 400 छात्र छात्राओं के साथ 8 से 14 मार्च तक सहभागिता करेंगे ।

## राजधानी के 25 इलाकों में आज बिजली कटौती

**नप्र, भोपालः** भोपाल के करीब 25 इलाकों में शनिवार को बिजली मेंटेनेंस कार्य के चलते 2 से 6 घंटे तक बिजली कटौती रहेगी। बिजली कंपनी द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिससे सप्लाई प्रभावित होगी। हमीदिया रोड, इब्राहिमगंज, सज्जाद कॉलोनी, दवा बाजार, नादरा बस स्टैंड, रोशनपुरा, मालवीय नगर, भदभदा रोड, पुष्पा नगर, एलआईजी क्वार्टर, 80 फीट रोड और आसपास के क्षेत्रों में अलग–अलग समय पर बिजली बंद रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य का उद्देश्य बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद दमोह, जिला–दमोह (म.प्र.)**
**स्टेशन रोड, जिला दमोह (म.प्र.) 470661**
**फोन नम्बर** 07812-222068 E-mail:-cmodamoh@mpurban.gov.in
क्र./न.पा./PMAY/2026/4038 दमोह, दिनाँक 06/03/2026

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद दमोह के निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी.) अंतर्गत वर्तमान समय तक सर्वे उपरांत 49 पात्र हितग्राहियों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिनकी सूची कार्यालय कलेक्टर, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निकाय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। उक्त हितग्राहियों के पात्र किये जाने के संबंध में दावा/आपत्ति दिनांक 06/03/2026 से 23/03/2026 तक कार्यालयीन समय में निकाय में आमंत्रित किये गये है। अत: उक्त हितग्राहियों के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति है, तो वह अपनी दावा/आपत्ति निर्धारित समय–सीमा में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय–सीमा पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दमोह**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है रामचरण गोआल 64 वर्ष आधार क्रमांक 483185023343 पिता मिहीलाल गोआल ग्राम हासुआ यह की आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता आदि और अन्य सभी पहचान दस्तावेजो में भी नाम रामचरण गोआल अंकित है जबकि ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन कार्ड MP15AB7721 में नाम रामचरण यादव लिखा गया जो कि संशोधित कर रामचरण गोआल किया जाए।

**आवेदक**
**रामचरण गोआल**

AG

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम SYEDA HAJIRA BANU SYEDA था जो कि मेरे पासपोर्ट पर अंकित है अब वर्तमान में मेरा पूरा एवं सही नाम SYEDA HAJIRA BANU हो गया है अब मुझे इसी नाम SYEDA HAJIRA BANU W/O SYED NEMET YADULLAHI ZEESHAN निवासी टी–03, सिटी टॉवर्स, गली फिरोज खिला, अपोजिट राजा इलेक्ट्रिकल, बुधवारा भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 से जाना व पहचाना जाए।

3870

**जाहिर सूचना**
**(खसरा क्रमांक 382 एवं 352 कुल रकबा 1.25 हेक्टयर, सूखी सेवनिया, भोपाल)**

मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार मुकेश कुमार मित्तल आत्मज श्री बाबूलाल मित्तल, निवासी एच. नो. 41, लखेरापुरा, भोपाल (म.प्र.) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 382 (एस) रकबा 0.450 हेक्टयर, एवं भूमि खसरा क्रमांक 352 (एस) रकबा 0.800 हेक्टयर, इस प्रकार कुल रकबा 1.250 हेक्टयर अर्थात् 3.09 एकड़ जो कि ग्राम सूखी सेवनियां, पटवारी हल्का नंबर 33, राजस्व निरीक्षक मण्डल 04 विकास खंड फंदा, नगर निगम सीमा के बाहर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है। यह कि उक्त भूमि से संबंधित दो मूल विक्रय पत्र (1) जो श्री प्रानसिंह आत्मज श्री जगन्नाथ सिंह ने खसरा क्रमांक 48 (नया खसरा क्रमांक 382) रकबा 0.441 हेक्टयर मेरे पक्ष में निष्पादित की है, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 26.09.1984 को ग्रंथ क्रमांक 4013 दस्तावेज क्रमांक 3054 पर पंजीबद्ध है तथा (2) श्री सदाराम आत्मज श्री मुंशीला ने खसरा क्रमांक 49/1 (नया खसरा क्रमांक 352) रकबा 0.809 हेक्टयर मेरे पक्ष में निष्पादित की है, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 25.11.1985 को ग्रंथ क्रमांक 4387 दस्तावेज क्रमांक 3328 पर पंजीबद्ध है जोकहीं खो गये हैं, जिसके संबंध में कोतवाली थाना, सुल्तानिया रोड, भोपाल में दिनांक 06.03.2026 को सूचना दे दी है। यह कि मेरे द्वारा उक्त भूमि को विक्रय, बंधक, गिरवी नहीं रखा गया है और न ही उक्त रजिस्ट्री का दुरूपयोग किया गया है। यदि उक्त रजिस्ट्री की मूल प्रति एवं पुरानी रजिस्ट्री किसी भी व्यक्ति व अन्य को मिली हो तो आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्रदान करने का करें।

**पुलकित सांघी, अधिवक्ता**
**सांघी लॉ चेम्बर, 67, जोन–1 एम.पी. नगर भोपाल। मो. 9826019123**

3875

**आम सूचना**
**(ई-पंजीयन क्र. (MP292632015A1084714 )**
**पंजीकृत अनुबंध निरस्तीकरण**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री इमरत कीर पिता श्री मूलचंद पता–लाडली तहसील गोहरगंज जिला रायसेन म.प्र. भोपाल ने ज़मीन जिसका खसरा क्र. 55/2/2 रकबा 3.654 हेक्टर अर्थात 9.03 एकर लगान 13.00 रुपये में से 0.405 हेक्टर अर्थात (1.00 एकर) लगान 1.43 रुपये भूमि लाडली पटवारी हल्का न. 21 तहसील गोहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है जो की मेरे पक्षकार की स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है। यह कृषि भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा श्री राहुल शुक्ला पिता श्री उदयनारायण शुक्ला निवासी–बी.के 2/448 दानिशकुंज कोलार रोड भोपाल को विक्रय करने हेतु दिनांक 21.09.2015 को एक ई–पंजीयन करवाया गया था जिसका पंजीयन क्र MP292632015A1084714 है। यह की मेरे पक्षकार द्वारा श्री राहुल शुक्ला से ली गई संपूर्ण बयाना टोकन राशि वापस कर दी गई है एवं दोनों ही पक्ष में कोई लेन–देन शेष नहीं है। वह दोनों ही पक्षों के मध्य आपसी सहमति से निरस्तीकरण अनुबंध पत्र भी निष्पादित हो गया है। अतः मेरे पक्षकार श्री इमरत कीर उक्त भूमि किसी अन्य को विक्रय, हस्तांतरण, बंधक, गिरबी इत्यादि करने के लिए स्वन्त्र है जिसमे निरस्तीकरणकर्ता/क्रेता को कोई आपत्ति नहीं है एवं ना ही भविष्य में रहेगी।

**HIMANSHU PATIDAR ADVOCATE**
**Office:-Tulsi Market in Front of Sagar Pearl Hoshangabad Road Bhopal, Mob-77719 86505**

3874

**अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, झांसी।**
**प्रकाशन**

वाद सं. 877/2025

श्रीमती राजनन्दनी यादव उर्फ मोना यादव पत्नी सुरज यादव उर्फ नीलेश यादव पुत्री मंगल सिंह यादव निवासी- 818/1 तिवारी जी का हाता नैनागढ़ नगरा थाना प्रेमनगर तहसील व जिला झांसी) (उ०प्र०)

बनाम

सूरज यादव उर्फ नीलेश यादव पुत्र स्व. श्री गरीबादास निवासी म.नं. 66 घासीदास मंदिर दिनेश किराना स्टोर के पास बाग सिमनिया हबीबगंज भोपाल ( म०प्र० )

अं. धारा 147 BNSS

श्रीमती राजनन्दनी यादव ने आपके नाम एक नालिश बावत् के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 20.03.2026. समय 10:30 बजे दिन के असालतन या माफित वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और शख्त हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाव देही दावा की करे आपको लजित है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आम बताइद अपनी जबावदेही इस्तेमाल करना चाहते हो।
आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 21 माह 02 सन 2026 ई० जारी किया गया।

(मुद्रा) अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय झांसी

3873

## सूडोकु नवताल- 7711

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7710 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## काकुरो पहेली - 7384




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 7383 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8781




**बाएँ से दाएँ**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान,तरुण-3
5. आकाश,व्योम-2
6. परत,अस्तर-2
8. गर्जना,दहाड़ना-4
11. मदद,आराम-3
13. सुगंध,खुशबू-3
14. धूल,मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता,आविष्कारक-3
18. नस्ल,जाति,प्रजाति-3
20. ओस,रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल,ताकत,दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**


1. रसना,जिव्हा-2
2. सचेत,सावधान-3
3. जरूरत,आवश्यकता-3
4. ऋतु,मौसम-2
5. दृश्य,तमाशा-3
7. कंठ,गला-3
9. रीती,रिवाज-2
10. प्रसिद्ध,नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि,धरा-3
17. खदान,माईन-2
19. तरंग,हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़,समूह-3
24. राय,वोट-2
25. उत्साह,ललक-2

### शब्द पहेली -8780 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7208



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म–२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म–२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म–४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म–२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म–२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म–४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म–२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म–३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म–३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म–५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म–३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था–२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म–२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म–३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था–३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म–३

**बायें से दायें:-**

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म–३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म–३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म–२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म–३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म–४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म–२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी?–२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म–३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म–३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म–२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म–३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है. ?–२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म–३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म–४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म–४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था–२,३

### फिल्म वर्ग पहेली- 7207



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7317

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 1 | | 3 | | 4 |
| | 31 | | 31 | | 28 | |
| 4 | 5 | 3 | 6 | | | 7 |
| | 27 | | 33 | | 39 | 5 |
| 1 | | 2 | | 5 | | |
| | 31 | | 32 | 7 | 38 | 3 |
| 6 | | 4 | 3 | 2 | | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7316 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 31 | 5 | 32 | 7 | 38 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8317

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | जें | द्र | स | ता | ना | वा | ज | पे | स |
| ल्त | फ | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | र |
| न | स | ल | म | को | ह | रा | म | ल | ख | का |
| त | स | स | ता | दि | वा | ज | ध | त्रि | श | र |
| श | आ | र | ग | स | ज | ना | तू | दे | झ | प |
| न | ल | ला | र | दि | म | उ | ती | व | घ | स |
| स | ड़ | क | फ्यू | जी | प | बा | ज | स | व | जा |
| श | एं | वा | स | र | फ | रो | श | ज | श | न्हा |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | र | आ | ग | स | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | चे | द |
| वि | ज | स | त्ता | धी | श | डि | त | ब | त | म |

शब्दजाल में 'स' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

सफलता, सरकार, सजा, सचेत, सजग, सरफरोश, सल्तनत, सड़क, सत्ताधीश, सताना

### शब्दजाल - 8316 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore